एक नजर में



## कलेक्टर ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

**चिल्हारी नवभारत 13 दिसंबर।** जिले के कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की स्व. गुलाब बाई की स्मृति में नगर मंगल भवन परिसर में वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया है। इस मौके पर बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण ज्ञान सिंह, अभय सिंह ओहरिया सहित पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी, अपर कलेक्टर पीके सेनगुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डहरिया, अमित सिंह बंमरौलिया, एसडीएम कमलेश राम नीरज, सीएमओ किशन सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता शंभुलाल खट्टर एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान विधायक बांधवगढ़ ने कहा कि कलेक्टर उमरिया की यह सराहनीय पहल है इससे बाजार में खरीदी बिक्री करने आने वालों को शीतल और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी।

## डॉ. खुशनुमा खान को पीएचडी

**शहपुरा नवभारत 13 दिसंबर।** शहपुरा तहसील की होनहार बेटी डॉ.



खुशनुमा खान को 12 दिसंबर को एसआर विश्वविद्यालय द्वारा फार्मास्युटिकल रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह गौरव उन्हें उनके मौलिक शोध एवं उत्कृष्ट शोध प्रबंध के लिए प्रदान किया गया। डॉ. खुशनुमा खान का यह शोध औषधीय पौधों से प्राप्त उर्सोलिक एसिड के फाइटोकेमिकल गुणों एवं रोगाणुरोधी गतिविधि पर आधारित है, जो फार्मास्युटिकल और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। उनके इस शोध से भविष्य में नई दवाओं के विकास की संभावनाएं भी प्रबल हुई हैं। डॉ. खुशनुमा खान, शहपुरा तहसील निवासी शासकीय चिकित्सा सेवा से सेवानिवृत्त दौलत बख्श खान एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका अनवरी बेगम की पुत्री हैं।

## ओपन व ग्रामीण वालीबॉल स्पर्धा 17 से

**अमरपुर नवभारत 13 दिसंबर।** स्वराज्य क्लब बिजौरी ग्राम पंचायत रामगढ़ विकासखंड अमरपुर के तत्वावधान में आगामी 17 से 19 दिसंबर तक बिजौरी माल स्कूल टोला में तीन-दिवसीय ओपन एवं ग्रामीण वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। इसमें ओपन प्रथम विजेता टीम को 12 हजार नकद व शील्ड, द्वितीय विजेता टीम को 7 रूपए नकद व शील्ड एवं तृतीय विजेता टीम को 1500 रूपए नकद व शील्ड, वहीं ग्रामीण विजेता टीम को 6 हजार रुपए नकद व शील्ड, द्वितीय विजेता टीम को 3 रूपए नगद व शील्ड एवं तृतीय विजेता टीम को 1 हजार रुपए नकद व शील्ड प्रदान किया जाएगा। इच्छुक टीमें ओपन प्रतियोगिता में 200 रूपए एवं ग्रामीण प्रतियोगिता में 100 रूपए एंट्री फीस जमा कर भाग ले सकती हैं।

संदेहास्पद — फिलहाल बाघ की मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए

# जंगल में मिला बाघ का शव, मचा हड़कंप



**नवभारत उमरिया 13 दिसंबर।** जिले केचंदिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत बरम बाबा से सटे वन क्षेत्र में एक बाघ का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया गया। साथ ही आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

वन अधिकारियों के अनुसार फिलहाल बाघ की मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए हर संभावित एंगल से जांच की जा रही है। उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया गया है और नियमानुसार पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। संरक्षित वन्यजीव बाघ की मौत की खबर सामने आते ही क्षेत्र के वन्यजीव प्रेमियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों में गहरी चिंता और निराशा देखी जा रही है।

### इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई

बाघ की मृत्यु को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं, वहीं वन विभाग का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल किसी भी प्रकार की आशंका को देखते हुए पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है और वन अमला लगातार निगरानी बनाए हुए है। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि मौके पर डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया है। जांच के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। सभी टीमें संदिग्ध जगहों की जांच करेगी। खेतों, तालाबों, हाथियों के मल और तालाबों की जांच की जाएगी। इसके अलावा, हाथियों के पगमार्क के आधार पर भी देखा जाएगा कि कहीं कोई पॉइजन वाला पदार्थ तो नहीं खाया।

## गश्ती दल को जंगल में मृत मिला तेंदुआ



**वन्यजीवों के आपसी संघर्ष की आशंका**

**चिल्हारी उमरिया 13 दिसंबर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र धमोखर के बीट बद्रेहल में प्रात:कालीन नियमित गश्त के दौरान वन कर्मियों द्वारा जंगल क्षेत्र में निरीक्षण करने पर एक मृत तेंदुआ पाया गया। सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए त्वरित रूप से मौके पर निरीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

स्थल निरीक्षण के दौरान मादा बाघ एवं तेंदुए के पगमार्क प्राप्त हुए। क्षेत्र में प्राकृतिक परिस्थितियों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह संकेत प्राप्त होते हैं कि यह घटना जंगल के भीतर प्राकृतिक परिस्थितियों में मांसाहारी वन्यजीवों के आपसी संघर्ष का परिणाम हो सकती है। मृत तेंदुए के नाखून, दाँत एवं मूंछें सुरक्षित अवस्था में शरीर से लगी हुई पाई गई हैं, जिससे किसी प्रकार के अवैध शिकार या मानव हस्तक्षेप के संकेत नहीं मिलते।

**सतत सर्च एवं मॉनिटरिंग की जा रही**-वन विभाग द्वारा घटना स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी एवं एनटीसीए के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। एहतियातन 6 किमी. की परिधि में विशेष दल गठित कर सतत सर्च एवं मॉनिटरिंग की जा रही है। यह घटना प्राकृतिक वन्यजीव व्यवहार से संबंधित है।



# पाइप लाइन बिछी लेकिन घरों तक नहीं पहुंचा पानी

**ग्रामीणों को करना पड़ रहा पेयजल संकट का सामना**

**नवभारत उमरिया 13 दिसंबर।** जिले के वन ग्राम अतरिया में ग्रामीण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में सालों पहले पाइप लाइन बिछाई गई थी, लेकिन आज तक घरों तक पानी नहीं पहुंचा है। ग्रामीण अपनी दैनिक जरूरतों के लिए हैंडपम्प और कुओं पर निर्भर हैं।

सिर पर मटके-डिब्बे रखकर पानी लाने को मजबूर महिलाएं-गांव की महिलाएं आज भी दूर से सिर पर मटके और डिब्बे रखकर पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं का फायदा उन्हें नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। लोग बोले-पानी नहीं मिलने से बहुत दिक्कत होती है। ग्रामीण बसोरी ने बताया, हमें याद भी नहीं कि पाइप लाइन कब बिछाई गई थी। पानी नहीं मिलने से बहुत दिक्कत होती है। हम हैंडपम्प और कुओं से पानी भरकर लाते हैं।

### दूसरे ठेकेदार से कार्य कराया जा रहा : धुर्वे

उन्होंने यह भी बताया कि ठेकेदार ने सड़क खोदी, पाइप डाले, लेकिन पानी नहीं आया। अधिकारी बोले-जल्द ही घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एचएस धुर्वे ने बताया कि पहले ठेकेदार ने काम पूरा नहीं किया था, जिसके कारण उसका ठेका निलंबित कर दिया गया है। अब दूसरे ठेकेदार से कार्य कराया जा रहा है और जल्द ही ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा।



# नाबालिग की गिरफ्तारी के बाद पिता का हंगामा

**वनकर्मियों ने दर्ज कराई एफआईआर**

**चिल्हारी नवभारत 13 दिसंबर।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नाबालिग से बाघ के दांत और नाखून मिलने के मामले के बाद हालात अचानक तनावपूर्ण हो गए। गिरफ्तारी के अगले ही दिन नाबालिग के पिता युवराज सिंह पर वनकर्मियों को डराने और धमकाने का आरोप लगा। इस घटना का एक वीडियो सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया।

शिकायत के अनुसार 7 और 8 दिसंबर को युवराज सिंह बीटीआर कर्मचारियों के घरों तक पहुंच गया। उसके गले में मवेशी की जबड़ा व हड्डी लटकी हुई थी, जिसे देखकर कर्मचारी डर गए। आरोप है कि उसने जादू टोना करने की बात कहकर कर्मचारियों को धमकाया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने पहली बार किसी आरोपी को इस तरह धमकाने की कोशिश करते देखा।

# सोनू बैगा के पैर का हुआ नि :शुल्क इलाज

**रेड क्रॉस सोसायटी ने अवैध धन वसूली का किया विरोध**

**नवभारत उमरिया 13 दिसंबर।** सोनू बैगा, निवासी कुचवाही का पैर फैक्चर हो गया था। दुर्घटना के बाद उन्हें तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल उमरिया में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान कुछ बिचौलियों द्वारा इलाज के नाम पर 10,000 की अनुचित मांग की गई, जबकि जिला अस्पताल में उपचार पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध है।

मरीज के परिजनों ने इस संदर्भ में तत्काल रेड क्रॉस सोसायटी शाखा, उमरिया से संपर्क किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेड क्रॉस सोसायटी के



पदाधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सिविल सर्जन डॉ. केसी सोनी से चर्चा की और सोनू बैगा के फैक्चर का इलाज बिना किसी शुल्क के कराया गया। डॉ. केसी सोनी द्वारा पूरा ईलाज किया गया। वर्तमान में मरीज पूर्णत: स्वस्थ है।

### कलेक्टर से शिकायत की दी चेतावनी

रेड क्रॉस सोसायटी, उमरिया के जिला सचिव ने अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि भविष्य में यदि इस प्रकार की अवैध धन वसूली या अनियमितता की शिकायतें संज्ञान में आती हैं, तो इसकी सूचना कलेक्टर को दी जाएगी तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। रेड क्रॉस सोसायटी शाखा उमरिया के सभापति अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी अपने 7 सिद्धांतों पर काम कर रही है।



# बिल-ईटीपी में अंतर, दस्तावेज नदारद

**स्टोन क्रेशर की जांच में हुआ बड़ा खुलासा**

**डिंडौरी ,नवभारत 13 दिसंबर।** जिले में अवैध खनन एवं भंडारण पर सख्ती जारी है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में खनन गतिविधियों की निगरानी के तहत शुक्रवार के दिन उत्तम साहू के स्टोन क्रेशर एवं भंडारण स्थल की जांच की गई, जहां गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

संयुक्त जांच दल द्वारा बिल बुक और ई-टीपी का मिलान करने पर स्पष्ट अंतर पाया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान प्लांटेशन नहीं पाया गया, वहीं पत्थर के भंडारण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए। अधिकारियों ने मौके पर ही स्टोन व गिट्टी की मात्रा का मापन कर पंचनामा तैयार किया तथा ऑनलाइन दस्तावेजों के सत्यापन हेतु रिकॉर्ड जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 21 केंद्रों में शामिल हुए 5739 परीक्षार्थी, मुस्तैद रहा निरीक्षक दल

**नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित**

**शहपुरा, डिंडौरी, नवभारत 13 दिसंबर।** जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु जिलेभर में आयोजित प्रवेश परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। यह परीक्षा जिले के कुल 21 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें कुल 5739 विद्यार्थियों का पंजीयन था।

परीक्षा को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। वहीं नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हर्ष प्रताप सिंह ने शहपुरा स्थित नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मेहदवानी परीक्षा केंद्र



का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नवीन स्कूल की प्रिंसिपल दीदी सोनी भी मौजूद रहीं। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर बैठने, निगरानी, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया।

### 435 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

प्राचार्य हर्ष प्रताप सिंह ने बताया कि पंजीकृत 5739 विद्यार्थियों में से 2675 छात्राएं एवं 2629 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। जबकि कुल 435 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जिनमें 226 छात्र और 209 छात्राएं शामिल हैं। कलेक्टर डिंडोरी के निर्देशानुसार परीक्षा की निष्पक्षता और शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी 21 केंद्रों हेतु उड़न दस्ता गठित किया गया था। उड़न दस्तों ने लगातार निगरानी रखी, जिससे परीक्षा बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



## मुख्यमंत्री से भाजपा नेता पांडे ने की मुलाकात

**चिल्हारी नवभारत 13 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के भूतपूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे भोपाल प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात कर पाली बिरासनी शक्तिपीठ मां जगत जननी आदिशक्ति माता बिरासनी देवी की चित्र भेंटकर सफलतम 2 वर्ष के कार्यकाल की बधाई प्रेषित की और पाली बिरासनी धाम आने का निमंत्रण दिया।



# जन सहभागिता से किया गया बोरी बंधान

**अमरपुर नवभारत 13 दिसंबर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में ग्राम झरना घुघरी में सकराही नाला के जूनहा पानी में लगभग 35 बोरी का कच्चा बांध निर्माण किया गया।

इसके पूर्व विकासखंड समन्वयक द्वारा जल संगोष्ठी का आयोजन कर जल के महत्व पर प्रकाश डाला गया, जिसमें कहा गया कि ग्रामवासी शासन के निर्भर न होकर स्वयं से श्रमदान के माध्यम से सामूहिकता एवं सहभागिता से गांव के छोटे-छोटे जल स्त्रोतों को बांधकर जल रोकने हेतु कहा गया। इससे क्षेत्र का जलस्तर ऊपर रहेगा तथा ग्रामवासियों को निस्तार, मवेशियों एवं पशु पक्षियों को आसानी से पानी उपलब्ध हो सकेगा। संगोष्ठी के पश्चात उपस्थित ग्रामवासियों ने श्रमदान से लगभग 35 बोरियों का बांध बनाकर जल रोका गया।

**स्वैच्छिक श्रमदान अभियान 31 तक चलेगा**-इसी तरह विकासखंड अमरपुर के ग्रामों में जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के स्वैच्छिक प्रयास से 31 दिसंबर तक अभियान के रूप में श्रमदान के माध्यम से कच्चा अस्थाई एवं बोरी बंधान कर जल रोकने का प्रयास किया जा रहा हैं। उक्त कार्यक्रम में नवांकुर संस्था बाल विकास विद्या मंदिर से अरविंद यादव, परामर्शदाता राधेश्याम वनवासी, छात्र-छात्राएं, सुकिरत धुर्वे, देव सिंह, फगनी बाई पंचायत स्टाफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 327 लंबित प्रकरणों का किया गया निराकरण



**आपसी सामंजस्य से नेशनल लोक अदालत में मामलों का निपटारा**

**डिण्डौरी, नवभारत 13 दिसंबर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शशिकांता वैश्य के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शशिकांता वैश्य, कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह एवं अध्यक्ष अधिवक्ता संघ यूके पटेरिया द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

### 90 लाख से अधिक के अवॉर्ड पारित

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आशीष केशरवानी ने जानकारी दी कि लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों के कुल 327 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनमें 78 लाख 02 हजार 149 रुपये का अवॉर्ड पारित हुआ। वहीं प्री-लिटिगेशन श्रेणी के 37 प्रकरणों में 12 लाख 6 हजार 375 रुपये की राशि विभागों को प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 90 लाख 08 हजार 524 रुपये का अवार्ड पारित किया गया।

### लोक अदालत बनी परिवार बचाने का माध्यम

लोक अदालत की एक उल्लेखनीय सफलता में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाह विच्छेद एवं भरण-पोषण के प्रकरण आपसी समझाइश से समाप्त हुए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर साथ रहने का निर्णय लिया, जिससे एक परिवार टूटने से बच गया। इसी प्रकार एक अन्य घरेलू विवाद के प्रकरण में भी पति-पत्नी के बीच सुलह कराकर उन्हें पुन: साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया। दोनों ही मामलों में दंपत्तियों को स्मृति स्वरूप पौधे भेंट किए गए।

# वर्षों पुराने विवादों का किया गया आपसी सहमति से निराकरण



**शहपुरा में वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत आयोजित**

**शहपुरा नवभारत 13 दिसंबर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय शहपुरा में वर्ष की 4 वीं नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कर्नल सिंह श्याम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति शहपुरा के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। शुभारंभ के दौरान दिलीप पाटिल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, दयाराम साहू अध्यक्ष अधिवक्ता संघ शहपुरा सहित अन्य अधिवक्तागण तथा समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण सहित विभिन्न बैंको के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 9 प्रकरणों का निराकरण समझौते से हुआ

उक्त नेशनल लोक अदालत में कुल 41 आपराधिक प्रकरण, 5 व्यवहार वाद प्रकरण 4 चक वासस प्रकरण तथा अन्य 9 प्रकरणों में आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर सौहाद्रपूर्ण तरीके से प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकृत प्रकरणों में पक्षकारों को न्याय वृक्ष के रूप में पौधे वितरित किए गये।